न्यायालय नायब तहसीलदार भिंयाड़, जिला बाड़मेर

राजस्व प्रकरण मामला संख्या 113/2025 अर्न्तगत धारा 91 आर.एल.आर. एक्ट 1956

सायल — बनाम — गैर सायल

राजस्थान राज्य
जरिये पटवारी उण्डू

मानाराम पुत्र भिंयाराम
जाति जाट निवासी मूढ़णों की ढ़ाणी।

दिनांकः—17.10.2025

"निर्णय"

पत्रावली आज बमुकाम भिंयाड़ में पेश हुई और गैर सायल अनुपस्थित। पत्रावली का हमने अवलोकन किया संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार है कि पटवारी हल्का उण्डू ने धारा आर.एल. आर. एक्ट 91 के तहत रिर्पोट प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि गै.सा. ने मौजा मूढ़णों की ढ़ाणी के खसरा नं. 249 रकबा 8.8221 हैक्टेयर किस्म बा.अव्वल में से 0.82 हैक्टेयर राजकीय भूमि पर अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण कब्जा/काश्त किया है। पटवारी हल्का की रिर्पोट के अनुसार गैर सायल के विरूद्व धारा 91 आर.एल.आर. एक्ट 1956 के तहत मुकदमा दर्ज रजिस्टर कर गैर सायल को जरिये नोटिस से सुनवाई हेतु तलब किया गया। नोटिस तामिल होकर प्राप्त हुआ/और गैर सायल अनुपस्थित रहा।

अतः गैर सायल को आर.एल.आर एक्ट 1956 की धारा 91 का उल्लंघन करने पर गैर सायल को अतिक्रमी घोषित किया जाकर उक्त विवादग्रस्त भूमि से बेदखल करने के आदेश पारित किये जाते है। साथ ही वार्षिक लगान रूपये 0.12 पैसा का गुणा 50 जुर्माना राशि रूपये 36/— पूर्णाक में अक्षरे छतीस रूपये/— मात्र से आरोपित किया जाता है। जो गैर सायल से वसूल हो।

पटवारी हल्का और भू0अ0 निरीक्षक को आदेशित किया जाता है कि वह गैर सायल को भौतिक रूप से बेदखल कर भूमि का कब्जा बहक सरकार प्राप्त कर पूर्ण पालना एक माह में पेश करे। भू0 अभिलेख निरीक्षक को फसल नीलामी हेतु आदेशित किया जाता है।

टी.आर.ए. पटवारी हल्का,निरीक्षक भू.अ. आदेश से सूचित हो तथा पत्रावली टी.आर.ए. के पास मांग कायमी हेतु भेजी जावें।

निर्णय दिनांक 17.10.2025 को सरेआम सुनाया गया।

नायब तहसीलदार भिंयाड़

नायब तहसीलदार
भींयाड़ तह.शिव जिला -बाड़मेर

न्यायालय उप तहसीलदार
भिंयाड़

Scanned with OKEN Scanner